संख्या- 118 /2025/ 968 /चार-2025-1711974

प्रेषक ,

उमा द्विवेदी,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0,
जवाहर भवन, लखनऊ ।

संस्कृति अनुभागः **लखनऊ : दिनांक 24 मार्च, 2025**

विषयः- जनपद प्रयागराज, श्रृंग्वेरपुर में निषादराज गुह्य सांस्कृतिक केन्द्र की स्थापना हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या- 5911/सं0नि0-6(160)/2022-23 दिनांक 19.03.2025 तथा पत्र संख्या- 5469/सं0नि0-5(160)/2022-23 दिनांक 21.02.2025 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2. अवगत कराना है कि शासनादेश संख्या- 195 /2023/ 915 /चार-2023, दिनांक 15 मई, 2023 द्वारा जनपद प्रयागराज, श्रृंग्वेरपुर में निषादराज गुह्य सांस्कृतिक केन्द्र की स्थापना हेतु रूपये 1957.61 लाख (रूपये उन्नीस करोड़ सत्तावन लाख इकसठ हजार मात्र) की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गयी है। शासनादेश संख्या- 224/2023/ 1365/ चार-2023 दिनांक 06 जुलाई, 2023 द्वारा प्रायोजना हेतु **रू0 1957.61 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति** के सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2023-24 में रू0 489.40 लाख की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी है।

3. इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि जनपद प्रयागराज, श्रृंग्वेरपुर में निषादराज गुह्य सांस्कृतिक केन्द्र की स्थापना हेतु रू0 1957.61 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति के सापेक्ष शासनादेश दिनांक 06 जुलाई, 2023 द्वारा निर्गत रू0 489.40 लाख के पश्चात् अवशेष धनराशि रू0 1468.21 लाख में से परियोजना की 5% धनराशि (रू0 97.88 लाख) रोकते हुए शेष धनराशि **रू0 1370.33 लाख (रूपये तेरह करोड़ सत्तर लाख तैंतीस हजार मात्र)** की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए धनराशि अवमुक्त करने की अनुमति निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन श्री राज्यपाल सहर्ष प्रदान करते हैः-

(1) शासनादेश संख्या- 195 /2023/ 915 /चार-2023, दिनांक 15 मई, 2023 तथा शासनादेश संख्या- 224/2023/ 1365/ चार-2023 दिनांक 06 जुलाई, 2023 में उल्लिखित शर्तें यथावत रहेगी।

(2) वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या- 1/2024/बी-1-294/ दस-2024-231/2024 दिनांक 04 मार्च, 2024 में उल्लिखित दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(3) प्रश्नगत स्वीकृति संस्कृति निदेशालय/ कार्यदायी संस्था द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना के आधार पर दी जा रही है, यदि मानक के संबंध में कोई सूचना गलत पायी जाती है तो इसका उत्तरदायित्व संस्कृति निदेशालय/ कार्यदायी संस्था का होगा।

(4) अवमुक्त धनराशि का आहरण एवं व्यय आवश्यकतानुसार एवं नियमानुसार किया जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

https://shasanadesh.up.gov.in

(5) कार्यदायी संस्था से कार्य पूर्ण होने के सम्प्रेक्षित लेखे अवश्य प्राप्त कर लिये जायें।

(6) स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्राविधानों, समय- समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।

4. उक्त पर होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2023-24 के आय-व्यय में अनुदान संख्या-92 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक-4202- शिक्षा, खेलकूद, कला एवं संस्कृति पर पूंजीगत परिव्यय-04- कला एवं संस्कृति-800- अन्य व्यय-11- निषादराज गुह्य सांस्कृतिक केन्द्र, श्रृंग्वेरपुर -24- वृहत् निर्माण कार्य मद से वहन किया जायेगा।

5. यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या- 1/2024/बी-1-294/दस-2024-231/2024 दिनांक 04 मार्च, 2024 में प्राप्त दिशा निर्देशों के अन्तर्गत प्रशासकीय विभागों को प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीया,
उमा द्विवेदी
संयुक्त सचिव।

संख्या- 118 /2025/ 968 (1)/चार-2025-1711974 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- महालेखाकार (लेखा व हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
2- महालेखाकार (लेखा - परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
3- निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0 प्रयागराज।
4- जिलाधिकारी, प्रयागराज।
5- वित्त नियंत्रक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ ।
6- मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
7- प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 प्रोजेक्ट पावर कारपोरेशन लिमिटेड, लखनऊ।
8- वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग-7/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/नियोजन अनुभाग-4 उ0प्र0 शासन।
9- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
उमा द्विवेदी
संयुक्त सचिव।

https://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।